हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 28 दिसंबर 2024


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री


12 घासीदास जयंती पर हुई पंथी प्रतियोगिता





11 पलारी में बनेगा विप्र भवन, नपं अध्यक्ष ने जमीन की स्वीकृत






## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4–4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6–4 के तहत 27 दिसम्बर को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में नाबा. लेमन कुमार, आशिक रजक पिता स्व. विक्रम रजक द्वारा वली मामा हरिशचंद्र निर्मलकर पिता जगराम निर्मलकर, निवासी ग्राम डमरू, तहसील लवन एवं दिलीप कुमार पिता बिपत, निवासी ग्राम पलारी तहसील पलारी शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के तालाब, नहर के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिया हैं।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने 26 दिसंबर को ग्राम छिर्राचुआं में आरोपी ललित डडसेना पिता तुलाराम डडसेना (35 वर्ष) के कब्जे से 3 लीटर हाथ भठ्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ट्रक के चक्कर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** भलेसर रोड राइस मिल के सामने स्थित ट्रांसफर सहित 2 एचटीएच बीम पोल ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना को लेकर सहायक यंत्री ने महासमुंद थाने में भारती ट्रेडर्स के वाहन क्रमांक सीजी 04 एमजेड 5373 के चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। उक्त घटना से विद्युत कंपनी को लगभग 1,88,473 रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।

### धान ले जाने की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम दाबपाली में धान ले जाने की बात पर एक व्यक्ति से पांच लोगों ने मारपीट कर दी। तेंदूकोना पुलिस को प्रार्थी धरम सिंग ने बताया कि 12 दिसंबर को वह अपने खेत ग्राम दाबपाली में धान फसल को लेने गया था। तभी कुंजल ध्रुव, शशि ध्रुव, पुष्कर ध्रुव, रेवती ध्रुव, खेमिन ध्रुव द्वारा धान को कहां ले जा रहे हो कहते हुए गाली गलौज कर हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। बीच बचाव करने आए प्रार्थी के पुत्र और बहू के साथ भी आरोपियों ने मारपीट किया।

### दो लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** टक्कर मारकर भागने की घटना में हुई मृत्यु पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के लिए कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त विनय कुमार लंगेह ने प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। इनमें जिला मुख्यालय महासमुंद कुर्मीपारा निवासी ओमशंकर वैष्णव की मृत्यु ग्राम खरोरा सड़क शहीद स्मारक के पास 19 जुलाई 2022 को मोटरयान दुर्घटना से होने पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी माता राधाबाई वैष्णव को दो लाख रुपए की राशि प्रतिकर के रूप में स्वीकृत की गई है।

### 4 लाख की अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमे विकासखंड महासमुंद अंतर्गत ग्राम कोकड़ी के मृतक पुनीतराम निषाद की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# नगर के अटल परिसर की निगरानी सीसीटीवी से, फ्री वाई-फाई जोन भी बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

नगर पंचायत बिलाईगढ़ में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने औचक निरीक्षण कर नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो का निरीक्षण किया। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर संभाग बिलासपुर के संयुक्त संचालक राकेश जायसवाल द्वारा अपनी टीम के साथ नगर पंचायत बिलाईगढ़ में निर्माण कार्यो तथा अटल परिसर व विभाग के अन्य निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया।

सर्वप्रथम संयुक्त संचालक द्वारा नवनिर्मित अटल परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अति उत्तम कार्य की सराहना की गई,। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार चौधरी ने बताया गया कि अटल परिसर को सीसीटीवी से आच्छादित करते हुए उस क्षेत्र को फ्री वाई–फाई जोन बनाया गया है। सूत्रों के मुताबिक नगर पंचायत बिलाईगढ़ में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का स्टेट लेवल में सबसे ज्यादा अच्छा कार्य एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यों का दर्जा देते हुए सराहना भी की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार चौधरी, पाषर्दगण, दिलीप अनीता दुबे, लकेश्वर प्रसाद देवांगन तथा नगर पंचायत के कर्मचारीगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष रूप से मौजूद थे।

### संयुक्त संचालक ने नगर पंचायत के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया



#### महिलाओं को प्रमाण पत्र का वितरण हुआ

इस कार्य की सराहना करते हुए इसे नवाचार के रूप में शासन के सामने प्रस्तुत करने के लिए संयुक्त संचालक द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कहा गया। इसके पश्चात नगर में विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, टेडी मेकिंग की दिए जा रही है। प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर संयुक्त संचालक द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया।

### शिवरतन शर्मा ने गिनाई प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धि

# भाजपा सरकार गांव-गरीब और किसानों के हित में काम कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर एवं लेवई में आयोजित कृषक सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कृषक उन्नति योजना के लाभान्वित और प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि भाजपा सरकार गांव-गरीब और किसानों के हित को सबसे ऊपर रखकर काम कर रही है। केंद्र एवं प्रदेश में संचालित हो रही सभी योजनाएं इस बात को प्रमाणित भी करती है। हर खेत तक पानी पहुंचे और सभी किसान परिवार का जीवन खुशहाल हो इसी ध्येय को लेकर हमारी सरकार काम कर रही है। हमे इस बात की ख़ुशी है कि हमारे प्रयासों को सभी की सराहना मिल रही है, फलस्वरूप और अधिक उत्साह के साथ हमारी सरकार जनता की सेवा कर पा रही है।

इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सिंगारपुर उपार्जन केंद्र के अध्यक्ष दीनबंधु दुबे, लेवई उपार्जन केंद्र के अध्यक्ष ठाकुर राम साहू, महेश वर्मा, बुधेश्वर वर्मा, रविन्द्र जैन, संतोष साहू, सुरेश वर्मा, सुनील यदु, मालिकराम यदु, मान सिंह निषाद, दिनेश साहू, सहित भाजपा पदाधिकारीगण, विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में किसान भाई व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

#### योजनाओं की स्तृित जानकारी दी

कार्यक्रम में किसानों के साथ संवाद कर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा कृषक व कृषि कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा किसानों को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारना, कृषि उत्पादन को बढ़ाना और कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी सुधार को बढ़ावा देना है।

# शहीद वीरनारायण सिंह के बलिदान दिवस पर 10 दिसंबर को स्थानीय अवकाश घोषित करें सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने अगले वर्ष 10 दिसम्बर को शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस पर स्थानीय अवकाश की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर जी. दीप्ति को सर्व आदिवासी समाज ने ज्ञापन सौंपा। वनांचल क्षेत्र सोनाखान जहां छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के जन्म कर्म भूमि रही है, शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ अपनी बहादुरी और बलिदान का परिचय दिया था। उनका बलिदान न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। वर्ष 2019 में 10 दिसम्बर को बलिदान दिवस पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था, किंतु सत्र 2024 में नहीं हो पाया। सर्व समाज के हित को ध्यान मे रखते हुये 10 दिसम्बर 2025 दिन को अमर शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस के दिन स्थानीय अवकाश की मांग कलेक्टर से की है। कलेक्टर दीपक सोनी ने मुलाकात के दौरान आश्वासन देते हुए जल्द ही इस वर्ष स्थानीय अवकाश में शामिल करने की बात कही। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, जिला कोषाध्यक्ष अभय लाल ध्रुव, जिला सहसचिव दशरथ ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# प्रतिबंधात्मक धाराओं में पांच युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



थाना सिटी कोतवाली पुलिस असामाजिक तत्वों एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। आपरेशन विश्वास के तहत की गई कार्रवाई के दौरान थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी तामेश्वर पर 19 वर्ष निवासी ग्राम डमरू, किशन पैकरा 19 वर्ष निवासी ग्राम डमरू, हेमंत धृतलहरे 35 वर्ष निवासी ग्राम सेमराडीह खैंदा, महेंन्दर कम्बोज 24 साल निवासी जैरास जिला करनाल हरियाणा हाल पनगांव लवन रोड बलौदाबाजार, लक्ष्मण टंडन 19 वर्ष निवासी ग्राम लटुवा को गिरफ्तार किया गया है।

# गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुए सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



ग्राम पंचायत लिमतरा में गुरु घासीदास जयंती के तीन दिवसीय कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा, किसान नेता अनिल पांडे, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष आनंद यादव, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, नारायण साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इस क्षेत्र का विकास में डॉ. रमन सिंह एवं वर्तमान में विष्णु देव की सरकार कर रही है। सारी योजनाएं जन–जन तक पहुंचे इसका प्रयास है। बाबाजी का आशीर्वाद पूरे प्रदेश वालों को मिले। क्षेत्र के विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने पंचायत की मांग पर 5 लाख की राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कहा कि बाबाजी का आशीर्वाद हमेशा प्रत्येक व्यक्ति को मिलता है। बाबाजी के उपदेश आज भी प्रासंगिक है। श्री शर्मा ने कहा कि अब समय आ गया कि समाज के लोगों को भी जागरूक होना चाहिए और शिक्षा की तरफ अपना ध्यान आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम प्रमुख रूप से संतोष साहू ईश्वर साहू राजकुमार निषाद चोवा राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# होटल, ढाबा व ठेला में शराब परोसने वाले गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई पुलिस लगातार कर रही है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार पुलिस टीम ने गुरूवार को सायं के समय शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 5 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपी हरीश कलार 26 साल निवासी ▶▶ शेष पेज 11 पर

### नगर में देवी चन्द्रकला की सात दिवसीय रामकथा जारी

# सीता-राम विवाहोत्सव के प्रसंग से गूंजा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नगर भवन में आयोजित सात दिवसीय रामकथा के चतुर्थ दिवस शुक्रवार को कथा वाचिका, मानस विदुषी देवी चन्द्रकला द्वारा सीता–राम विवाहोत्सव का प्रसंग प्रस्तुत किया। मानस विदुषी ने कथा के माध्यम से राम–सीता विवाह के अलौकिक प्रसंग का वाचन किया। उन्होंने कथा में राजा जनक के दरबार से लेकर शिवधनुष भंग और विवाह प्रसंग तक का विस्तृत वर्णन किया। कथा में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करने वाली सजीव झांकियां राम–विवाह का मंचन दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सपरिवार उपस्थित रहकर श्रीरामकथा का श्रवण कर रहे हैं। इस दौरान उत्साहित भक्तजनों द्वारा बीच–बीच में जय श्रीराम के उदघोष से पूरा भवन गुंज उठता है।

■ आज शामिल होंगे मुख्यमंत्री

शुक्रवार को कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, ब्यास कश्यप विधायक जांजगीर, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा एवं पूर्व विधायक डा. सनम जांगड़े विशेष रूप से शामिल हुए। कलेक्टर दीपक सोनी भी विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए इसे धार्मिक और सांस्कृतिक उन्नयन का प्रतीक बताया। आयोजन समिति ने बताया कि श्री रामकथा में शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजकों द्वारा सभी भक्तों से इस अनमोल अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

### 33 पौवा शराब जब्त, चार गिरफ्तार



**अर्जुनी।** भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले की धरपकड़ कार्रवाई में ग्राम टोनाटार में कोचिया के घर में घेराबंदी की। इस कार्रवाई में 33 पौवा शराब जब्त की गई और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार टोनाटार में शराब बिक्री करने वाले कोचिया शेखर कुमार पटेल 28 वर्ष, चंद्रशेखर कोसले 28 वर्ष, रामेश्वर कुर्रे 35 वर्ष एवं ऋतुराज चेलक 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 5 हजार सात सौ कीमत मूल्य का 33 पौवा देशी मसाला शराब एवं 18.5 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### सड़क घेरकर लगाए थे एंगल, निगम ने हटाए

**रायपुर।** जोन 4 नगर निवेश विभाग और मुख्यालय उड़नदस्ता टीम ने बैजनाथपारा मुख्य मार्ग पर दुकानदारों द्वारा बिना अनुमति लगाए गए 25 एंगल हटा दिए। सड़क यातायात बाधित कर रहे एंगल अभियान चलाकर हटाने टीम ने तत्परता दिखाई। इसी तरह जोन 3 अमले ने शहीद भगत सिंह चौक से बीटीआई ग्राउंड शंकरनगर तक बिना अनुमति व्यवसाय कर रहे 50 ठेले व खोमचे हटाकर सुगम आवागमन की राह आसान की।

### निगम आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**रायपुर।** गांधी सदन में नगर निगम आयुक्त ने गुरुवार को निगम के अधिकारियों की मौजूदगी मे समीक्षा बैठक रखी। इस मौके पर उन्होंने सफाई, पेयजल और सड़क बत्ती के कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सभी जोन कमिश्नरों को शहर की सफाई व्यवस्था की नियमित मानिटरिंग करने और स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों को प्रमुखता से कराए जाने की हिदायत दी।

### मठपुरैना बाड़ापारा में मड़ई मेला 2 को

**रायपुर।** जय बजरंग अखाड़ा समिति द्वारा शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में बाड़ापारा मठपुरैना में 2 जनवरी को मड़ई मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी विशिष्ट अतिथि होंगे। इसके साथ ही समाजसेवक मनोज गोयल, वार्ड पार्षद सावित्री-जयमोहन साहू, पूर्व पार्षद यशोदा-कमल साहू, परदेशी राम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### यूथ कांग्रेस पुलिस भर्ती परीक्षा पर दर्ज कराएगी विरोध

**रायपुर।** प्रदेश में आयोजित हो रही पुलिस भर्ती परीक्षा में सामने आ रही गड़बड़ी को लेकर यूथ कांग्रेस द्वारा आज विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। राजनांदगांव जिले में भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतों के बाद भर्ती परीक्षा को रद्द करना पड़ा। इसके विरोध में युवा कांग्रेस प्रदेशभर में जिले के एसपी को ज्ञापन सौंप जा रही है। राजधानी में प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में एसपी ऑफिस में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### जिले में अब तक 4 लाख 2 हजार 893 मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर।** रायपुर जिले में गुरुवार को 3751 किसानों से 13 हजार 249 टन धान की खरीदी की गई। इसके एवज में किसानों को 30 करोड़ 48 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। जिले में 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू हो चुकी है। इसके तहत 139 उपार्जन केंद्रों में समितियों द्वारा किसानों से धान खरीदा जा रहा है। अब तक 4 लाख 2 हजार 893 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है।

# 10 अरब 32 करोड़ से अधिक की ठगी, लौटाए 5 करोड़ 37 लाख, डेढ़ वर्ष से संपत्तियों की जब्ती-नीलामी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस शासन का कार्यकाल खत्म होने के बाद से चिटफंड कंपनियों के निवेशकों को राशि मिलना बंद हो गई है। रायपुर जिले में 272 चिटफंड कंपनियों ने 3 लाख 19 हजार 739 निवेशकों से 10 अरब 32 करोड़ 99 लाख रुपए की ठगी की थी। इनमें प्रदेश के दूसरे जिलों के निवेशक भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। कई कंपनियां दूसरे जिलों की भी हैं, जिनमें रायपुर निवेशकों ने पैसे लगाए थे। रायपुर जिले में चिटफंड कंपनियों की जब्त की गई संपत्तियों की नीलामी से प्राप्त राशि में से अब तक करीब 11 हजार निवेशकों को 5 करोड़ 37 लाख रुपए की राशि लौटाई गई है। यह राशि वर्ष 2019 से सितंबर 2023 की अवधि के दौरान लौटाई गई है। इसके बाद से चिटफंड कंपनियों की कोई संपत्ति न जब्त की गई है और न ही पूर्व में जब्त की गई किसी संपत्ति की नीलामी हो पाई है, जिसके कारण निवेशकों को उनके डूबे पैसे भी मिल नहीं पा रहे हैं। इधर इस मामले में प्रशासनिक अधिकारी का कहना है कि नियम व प्रक्रिया के तहत कार्यवाही की जा रही है। कई मामले कोर्ट में लंबित हैं, वहीं कई प्रकरण पर स्टे लगे हुए हैं, इसलिए भी निवेशकों को राशि लौटा नहीं पा रहे हैं।

### इन कंपनियों की हुई संपत्तियां कुर्क और नीलामी

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक गोल्ड इंफ्रावेंचर लिमिटेड की संपत्ति बेचकर उससे 81 लाख 1 हजार रुपए, निर्मल इंफ्रा होम की संपत्ति की नीलामी से 51 लाख 51 हजार रुपए, आरोग्य धनवर्षा की संपत्ति से 11 लाख 85 हजार रुपए, शुष्क इंडिया कंपनी लिमिटेड की संपत्ति से 2 करोड़ 10 लाख रुपए एवं देवयानी प्रॉपर्टीज लिमिटेड की 4 करोड़ 14 लाख रुपए की संपत्ति नीलामी की गई है। सूत्रों के अनुसार शुष्क इंडिया में ज्यादातर धमतरी जिले के निवेशकों के पैसे लगे थे।

### तीन कंपनियों की नीलामी पर स्टे

*अधिकारियों के अनुसार एचबीएन डेयरीज एण्ड एलाइड लिमिटेड की संपत्ति की नीलामी पूरी कर ली गई है। इस कंपनी की संपत्ति 10 करोड़ 30 लाख रुपए में नीलाम हुई है, परंतु कंपनी ने एनसीएलटी से नीलामी के विरुद्ध स्थगन प्राप्त कर लिया है। इसी प्रकार किम इंफ्रा डेवलपर्स लिमिटेड और नेक्टर कमर्शियल एस्टेट लिमिटेड कंपनी की संपत्ति भी 1 करोड़ 54 लाख 40 हजार रुपए में नीलाम की जा चुकी है। कंपनी ने इसके विरुद्ध बिलासपुर उच्च न्यायालय से स्टे लिया हुआ है। इसके अलावा माइक्रो फाइनेंस कंपनी की खिलौरा अभनपुर में 9 करोड़ से अधिक की संपत्ति नीलाम होनी थी।*

### इन जिलों की कंपनियों में भी रायपुर के निवेशकों ने लगाए थे पैसे

*272 कंपनियों में रायपुर जिले के निवेशकों ने अपने पैसे लगाए थे। इनमें दूसरे जिलों की कई कंपनियां भी शामिल है, जिनमें ग्रींडलेन एंड प्रोजेक्ट डेवलपमेंट बालोद, आईडब्ल्यूसी मार्केटिंग कबीरधाम, एचबीएन डेयरीज एलायज कांकेर, जीएन गोल्ड धमतरी, संस साईन इंफ्रा बिल्ड दुर्ग, जेएसवी डेवलपर्स राजनांदगांव तथा मिलियम इंफ्रा स्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट धमतरी, एसपी एंड लैंड, बीएनपी इंडिया व सांई प्रकाश प्रापर्टी गरियाबंद शामिल है।*

### इन कंपनियों के प्रकरण न्यायालय में लंबित

*सूत्रों के अनुसार प्रशासन ने माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड, आरोग्य धन वर्षा डेव्लपमेंट, एसपी एंड लैंड, बीएनपी इंडिया, सांई प्रकाश प्रापर्टीज, गुरुकृपा इंफ्रा रियलटी कंपनियों के डायरेक्टरों की भी संपत्ति जब्त की गई है, जिसकी नीलामी होनी है, लेकिन ये सभी प्रकरण कोर्ट में लंबित हैं।*

### बांटने की प्रक्रिया जारी

चिटफंड कंपनियों की संपत्तियों की जब्ती, कुर्की और निवेशकों को बांटने की प्रक्रिया जारी है। कई प्रकरण कोर्ट में लंबित हैं, वहीं कई में स्टे भी लगे हुए हैं।

- **डा. गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

## पटवारियों के ऑनलाइन काम के बहिष्कार से बढ़ी लोगों की परेशानी

# ऑनलाइन काम ठप, नामांतरण के तीन हजार से अधिक प्रकरण पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पटवारियों के ऑनलाइन काम का बहिष्कार किए जाने के कारण तहसील कार्यालयों में राजस्व संबंधी कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। अपनी मांगों को मनवाने के लिए प्रदेशभर के पटवारियों ने 16 दिसंबर से ऑनलाइन काम करना बंद कर दिया है, जिसके कारण लोगों के राजस्व संबंधी काम भी हो नहीं पा रहे हैं। रायपुर जिले में पटवारियों द्वारा ऑनलाइन काम नहीं किए जाने के कारण नामांतरण के तीन हजार से अधिक प्रकरण पेंडिंग हैं, जिसमें पिछले सात दिनों में 1202 नए प्रकरण भी शामिल हैं। गुरुवार को भी करीब सौ से डेढ़ के बीच रजिस्ट्री हुई है।

इस तरह यह आंकड़ा और ज्यादा जा सकता है। इधर नामांतरण के अलावा दुरुस्तीकरण के भी एक हजार से ज्यादा प्रकरण लंबित हैं। हरिभूमि ने गुरुवार को पटवारियों के ऑनलाइन काम के बहिष्कार किए जाने से तहसील कार्यालय में कामकाज कितना प्रभावित हो रहा है, इसकी पड़ताल की। इससे पता चला कि नामांतरण और दुरुस्तीकरण का काम पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है, पर न्यायालयीन प्रकरणों में सुनवाई पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा है। न्यायालयीन प्रकरणों की सुनवाई भी हो रही है और आदेश भी जारी किया जा रहा है, लेकिन आदेश की एंट्री फिलहाल मैनुअल की जा रही है, ऑनलाइन नहीं।





***90 दिन के अंदर करना होता है नामांतरण***

*रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण 90 दिनों के अंदर करना अनिवार्य है, लेकिन पटवारियों के ऑनलाइन काम का बहिष्कार किए जाने के कारण कई ऐसे प्रकरण भी अटके हुए हैं, जिसकी रजिस्ट्री हुए दो महीने से ज्यादा समय बीत चुका है। पटवारियों का ऑनलाइन काम का बहिष्कार जारी रहा, तो निर्धारित समय-सीमा भी खत्म हो सकती है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि समय-सीमा खत्म होने से पहले नामांतरण हो जाएंगे।*



### तहसील न्यायालयों की सुनवाई जारी, एंट्री सिर्फ मैनुअल

ऑनलाइन काम के बहिष्कार का असर तहसील न्यायालयों की सुनवाई पर नहीं देखा जा रहा है। तहसील न्यायालयों में पेंडिंग और नए आने वाले प्रकरणों पर सुनवाई की जा रही है। तहसीलदारों ने बताया कि पटवारियों के ऑनलाइन काम बंद करने से ऑनलाइन काम प्रभावित तो रहे हैं, लेकिन इसका असर सुनवाई पर नहीं हो रहा हैं, क्योंकि सुनवाई के दौरान भी आदेश जारी हो रहे हैं, तो पटवारी उस आदेश की मैनुअल एंट्री कर रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन तभी हो पाएगी, जब पटवारियों का बहिष्कार समाप्त होगा।

### हर दिन हो रही सैकड़ों रजिस्ट्री पर नामांतरण एक का भी नहीं

पंजीयन दफ्तर में हर दिन सैकड़ों की संख्या में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री हो रही है। रजिस्ट्री के बाद पंजीयन विभाग से रजिस्ट्री का डाटा ऑनलाइन तहसील की आईडी में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जा रहा है, जिसके बाद रजिस्ट्री जिसके नाम पर की गई है, उसके नाम पर नामांतरण किया जाता है। यह काम 16 तारीख से बंद है। पंजीयन दफ्तर में हर दिन सैकड़ों रजिस्ट्री तो रही है, पर नामांतरण का काम नहीं हो पा रहा है, क्योंकि नामांतरण की प्रक्रिया ऑनलाइन होती है। इसके लिए पटवारी का प्रतिवेदन भी जरूरी है, लेकिन ऑनलाइन का काम बंद होने के कारण पटवारी प्रतिवेदन भी नहीं दे रहे हैं, जिससे नामांतरण भी नहीं हो पा रहे हैं।

### सुनवाई जारी, आदेश की ऑनलाइन एंट्री नहीं

पटवारियों के ऑनलाइन काम के बहिष्कार से डिजिटल साइन से लेकर अन्य ऑनलाइन काम प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन इसका असर न्यायालयीन प्रकरणों पर नहीं पड़ा है। सुनवाई लगातार हो रही है। आदेश जारी होने पर उसकी ऑनलाइन एंट्री नहीं हो रही है, पर मैनुअल की जा रही है।

- **पवन कोसमा,** तहसीलदार रायपुर

# महंत का राज्यपाल को पत्र कहा- संविधान का उल्लंघन कर रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ छत्तीसगढ़ नगर पालिका संशोधन विधेयक पर जताई आपत्ति

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्यपाल रामेन डेका को पत्र लिखकर विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पारित दो विधेयकों को असंवैधानिक बताया है। उन्होंने राज्यपाल से इन पर उचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में बताया कि 19 दिसंबर को विधानसभा में छत्तीसगढ़ नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 11) और छत्तीसगढ़ नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 12) पारित किए गए। उन्होंने इन विधेयकों को संविधान के अनुच्छेद 243-प (243-यू) का उल्लंघन करार दिया है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्यपाल रामेन डेका को लिखे पत्र में बताया कि विपक्ष ने इन दोनों विधेयकों पर विचार-विमर्श से पहले ही इन्हें संविधान के प्रावधानों के खिलाफ बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई थी। साथ ही, उच्चतम न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए इन विधेयकों को सदन में प्रस्तुत न करने की अपील की थी। बावजूद इसके विधेयकों को पारित कर दिया गया।

## रावत जाति को ओबीसी में शामिल करने की मांग



■ आयोग ने की यादव समाज प्रमुखों के साथ बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से यादव समाज के लोगों ने रावत जाति को भी केंद्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने की मांग की है। आयोग की टीम इसे लेकर महासमुंद जिले के सरायपाली प्रवास पर गई थी, जहां टीम ने समाज के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रावत जाति को लेकर चर्चा की। इस दौरान आयोग ने रावत जाति के लोगों के रहन-बसन, सांस्कृतिक, सामाजिक आदि विभिन्न विषयों पर जानकारी ली। आयोग के सचिव वीरू कुमार साहू ने बताया कि रावत जाति को ओबीसी की सूची में शामिल करने की मांग आई है। इसे लेकर यादव समाज के पदाधिकारियों से बैठक कर चर्चा की गई। बैठक में आयोग की सहायक अनुसंधान अधिकारी अनीता डेकाटे, ओमप्रकाश सिन्हा के अलावा यादव समाज से प्रमुख रूप से ध्रुव मलिक, रथराम यादव, छालोराम यादव, नरेंद्र कुमार यादव, दासरथी यद्दु, पवन कुमार यादव, दुर्बादल दीप, कृष्णो टाणी, सुरेंद्र भोई, विजय यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव, भोजराज यादव, दिलीप यादव, जय यादव, संजय यादव, करण यादव सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## आरक्षण समाप्त करना चाहती है केंद्र और राज्य सरकार

■ जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिला कांग्रेस कमेटी ने 'संविधान के तहत आरक्षण को खतरा एवं भेदभाव का उन्मूलन- एक प्रमुख संवैधानिक मूल्य' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन धरसींवा ब्लॉक के कूंरा में आयोजित किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा, संविधान के तहत प्राप्त आरक्षण को जिस प्रकार से केंद्र और राज्य सरकार समाप्त करना चाहती है। इसका उदाहरण पिछली कांग्रेस सरकार में विभिन्न वर्गों द्वारा आरक्षण को जनगणना के आधार पर विधानसभा में पारित करकर राज्यपाल के पास भेजा गया था, जो अभी तक लंबित पड़ा है। इसी प्रकार से पूरे देश में हालत है। जिस प्रकार से बाबा आंबेडकर को राज्यसभा में अपमानित किया गया है, उससे पूरे देश में लोगों में गुस्सा है। ये पूरे देश में लोगों में भय है कि कभी भी संविधान को समाप्त करने की साजिश की बू आ रही है, आज का दिन कांग्रेस के इतिहास का एवं कांग्रेसजनों के लिए ऐतिहासिक और गर्व का दिन है।

## निगम में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अधिकारियों को मिली शाबासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में नवाचार के तरीके अपनाकर आम जनता से जुड़े कार्यो में सहजता लाने के प्रयासों को निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सराहा है। गुरुवार को गांधी सदन में ऐसे ही चुनिंदा अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आईटी एक्सपर्ट रंजीत रंजन को ऑनलाइन संपत्तिकर प्रणाली, फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम, होर्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम और ई चालान प्रणाली के सफल संचालन के लिए सम्मानित किया गया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सहायक अभियंता अंशुल शर्मा को फास्ट फोर व्हीलर ई चार्जिंग स्थापना और प्रमुख मार्गों के सौंदर्यीकरण में उनके योगदान के लिए शाबासी दी। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े सहायक अभियंता योगेश कडू को स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य, अमृत मिशन के तहत एसटीपी में उपचारित जल आपूर्ति के महत्वपूर्ण कार्यो के लिए सम्मानित किया। श्री मिश्रा ने इन अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह देकर उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यो से नगर निगम और स्मार्ट सिटी के कार्यो में महत्वपूर्ण बदलाव आया है।

# महंगा पड़ रहा उत्पादन, इसलिए घट रहा जैविक खेती का रकबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में जैविक खेती का उत्पादन ही नहीं, रकबा भी घट रहा है। सरकारी प्रोत्साहन के बावजूद कई इलाकों में रकबा सिमट गया है। इसकी कई वजह हो सकती है, लेकिन बड़ा कारण समय पर आर्गेनिक खाद, कीटनाशक नहीं मिलना भी है। दरअसल, राज्य के 22 जिलों के एक एक ब्लाक में जैविक खेती का टार्गेट फिक्स किया गया है। पहले के मुकाबले दवाई, कीटनाशक की



कीमतों में इजाफा हो चुका है, इस वजह से तय लक्ष्य के अनुरूप सभी तय किसानों को इसे मुहैया नहीं कराया जा रहा। जाहिर है, इसीलिए रकबा कम हो रहा है।

गौरतलब है, आदिवासी बहुल क्षेत्र बस्तर में किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करने की पहल साल 2015 में शुरू की गई थी। छत्तीसगढ़ में जैविक फसलों के क्षेत्रफल और उत्पादन, दोनों में गिरावट का सिलसिला जारी है। केंद्र सरकार के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार 2022-23 में राज्य में शुद्ध बोए क्षेत्र में से कुल जैविक खेती का क्षेत्रफल 2.7 फीसदी था। कृषि संचालनालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में 2014-15 से 2022-23 तक 40 हजार 980 हेक्टेयर रकबा में 65 हजार 395 किसान खेती कर रहे थे।

## पैतृक व्यवसाय में लगे सेन समाज के 44 लोगों को बांटे गीजर

**रायपुर।** छग जनहितकारी कल्याण समिति की ओर से कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के मुख्य अतिथ्य में भनपुरी में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने पैतृक व्यवसाय में लगे सेन समाज के 44 व्यवसायियों को गीजर बांटे गए। समिति की ओर से सांई मंदिर परिसर कबीर कुटी में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान समिति की ओर से पंकज शर्मा ने गीजर प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होनें अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा ही हमारा संकल्प होना चाहिए। हमारी कांग्रेस पार्टी गरीब, पिछड़े, दलित, प्रताड़ित, किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार जैसे वर्ग को ऊपर उठाने का कार्य करती है। कार्यक्रम में कौशल वर्मा, घनश्याम पाठक, सुभाष साहू, राजू पांडे, मनोज वर्मा, केशव सिन्हा, जागेश्वर साहू, सतीश सेन सहित सेन समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

आवेदन आमंत्रित

पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)

अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।

- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें

Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे

देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर Sorry bhai से

अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...

मो.: 7000716599, 9301831212

बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद

Panchkarma & Wellness Centre

(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)

वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर

MD आयुर्वेद (पुणे)

Timing- (11-8) by Appointment

Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564

उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
- इत्यादि।

पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र

न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव

INTL Ayurvedic Consultant

राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द

• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खट्टी में मनाई गई वाजपेयी की जयंती

**नर्रा।** ग्राम पंचायत खट्टी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 जयंती पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सरपंच मीना तीरथ पटेल ने अटल बिहारी वाजपायी को याद करते हुए कहा कि अटल भारतीय राजनीति के भीष्म थे। जयंती पर अटल के छायाचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि तिरथ पटेल, कौशिक पटेल, रूपधर साहू, छबि लाल पटेल समेत ग्राम के लोग उपस्थित थे।

### परसुली में छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम 31 को

**नर्रा।** ग्राम परसुली में युवा किसान समिति के तत्वावधान में नववर्ष का स्वागत के अवसर पर रात्रिकालीन जय मां शारदा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी कुसमी का आयोजन रखा गया है। जानकारी देते हुए आयोजक समिति के सदस्य परमेश्वर पटेल ने लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### दलदली में अष्टोत्तर महायज्ञ 3 जनवरी से

**महासमुंद।** मानस यज्ञ समिति दलदली (उमरदा) द्वारा तीर्थ स्थल दलदली में 3 जनवरी से 13 जनवरी तक श्रीराम चरित मानस अष्टोत्तर शत (परायण) महायज्ञ का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस 3 जनवरी अग्नि स्थापना, 4 को वेदी पूजन एवं यज्ञ हवन प्रारंभ, 12 को परायण (पाठ) विश्राम एवं 13 जनवरी को पूर्णाहुति, यज्ञांत व प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा। वहीं 4 से 12 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम होंगे। 9 से 11 जनवरी तक शाम 7 बजे से पंडवानी गायिका मीना साहू की प्रस्तुति होंगी। कार्यक्रम के यज्ञाचार्य पं पंकज तिवारी साराडीह, प्रवचनकर्ताद्वय शकुंतला देवी लोहारी एवं पं हरदयाल उपाध्याय मुंगेली एवं कार्यक्रम के मुख्य यजमान मार्कंडेय चंद्राकर होंगे। आयोजन समिति के सदस्य भूषण चंद्राकर, अनिल, सुरेश, भुनेश्वर, भीखम एवं युवराज चद्राकर ने सभी श्रद्धालु भक्तों को अधिक संख्या में इस महायज्ञ में शामिल होने की अपील की है।

### कोसरिया मरार पटेल समाज की हुई बैठक

**महासमुंद।** कोसरिया मरार पटेल समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक सितली नाला के पास स्थित पटेल धर्मशाला में हुई। सर्वप्रथम समाज के ईष्ट देवी मां शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना व आरती कर की गई। इसके बाद जिले व राज से आए सभी पदाधिकारियों का स्वागत चंदन बंदन रोली से किया। उपस्थित समाज पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखें। समाज विकास के साथ-साथ अनेक मुद्दे पर चर्चा हुई।

### पीड़ित लोगों और किसानों की से भेंट मुलाकात

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा और साथियों द्वारा शुक्रवार को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय परिसर में राजस्व विभाग के छोटे बड़े प्रकरणों के समस्याओं से पीड़ित लोगों और किसानों की बात सुनी गई। भेंट मुलाकात के दौरान एसडीएम कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिनकी आज पेशी भी थी। परंतु, एसडीएम और तहसीलदार के नदारद होने के कारण पीड़ित लोगों की पेशी नहीं हो पाई। डॉ. चोपड़ा ने एसडीएम से फोन पर बात की तो एसडीएम ने चुनाव कार्य में ड्यूटी के कारण मौजूद नही हो ने की जानकारी दी। दोनों अधिकारियों के नदारद होने से पेशी के लिए आए हुए लोगों का काम बाधित हुआ।

पेज 9 का शेष

### होटल, ढाबा व ...

पलारी, रमेश साहू 28 साल निवासी ग्राम रोहांसी, राजू देवांगन 26 साल निवासी पलारी थाना पलारी, रामकुमार देवांगन 55 साल निवासी पलारी, राज देवांगन 28 साल निवासी पलारी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई है।

# सोनिया गांधी के साथ 2013 में रायपुर आए थे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह

- परिवर्तन यात्रा में नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा सहित कांग्रेसी नेताओं पर हुआ था नक्सली हमला
- नक्सली हमले के बाद रातभर जागे, सोनिया भी रहीं सदमे में
- जब नंदकुमार पटेल की हत्या हुई, उस वक्त सोनिया गांधी के साथ रात्रि में आए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर में दरभा घाटी में जब साल 2013 में सबसे बड़ा नक्सली हमला हुआ, उस समय प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष




नंदकुमार पटेल, पूर्व केंद्रीय विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर के नाम से चर्चित सांसद महेंद्र कर्मा, पूर्व विधायक उदय मुदलियार, गोपी माधवानी सहित 38 लोगों की मौत हो गई थी। तब शनिवार की देर रात तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ रायपुर पहुंचे थे। रातभर वे यहां रुके। इस दौरान सोनिया गांधी सदमे में रहीं। 25 मई 2013 की घटना आज भी याद है। ये कहना है वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी का। कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर जंगल में हुए नक्सली हमले के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने रायपुर में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से हालात की ताजा जानकारी ली और नक्सलियों के कायराना हमले की निंदा भी की थी।

### राहुल भी देर रात पहुंचे थे रायपुर

तत्कालीन कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी भी देर रात रायपुर पहुंचे थे। दरभा घाटी में नक्सली हमले की घटना को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के साथ बैठक के बाद सोनिया गांधी ने कहा, जो आम लोग राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े थे, नक्सलियों ने उन्हें भी बेरहमी से मार डाला। तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने घटना की तीखी आलोचना की थी। हमले के वक्त पूर्व सीएम स्व. अजीत जोगी सौभाग्यशाली रहे, जो परिवर्तन रैली के बाद सड़क से जा रहे काफिले में शामिल न होकर वे हेलीकाप्टर से रायपुर लौट आए।

### भूपेश-महंत-सिंहदेव समेत कांग्रेसियों ने जताया शोक





पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शोक जताया है। उन्होंने स्व. सिंह के प्रति आदरांजलि प्रकट करते हुए कहा, महान राष्ट्रकर्मी विदा हुए, देश आपका आभारी रहेगा सर। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व विधायकों, सांसदों समेत कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

## माता कौशल्या विहार और इंद्रप्रस्थ रायपुरा के संयुक्त सर्वे के बाद निगम ने 125 करोड़ का भेजा डिमांड

# आरडीए-हाउसिंग बोर्ड की दर्जनभर कालोनियों को निगम ने अब तक नहीं लिया हैंडओवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरडीए और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की दर्जनभर कालोनियों को नगर निगम हैंडओवर नहीं ले रहा है। इन कालोनियों को निगम में हैंडओवर लेने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय बाकायदा निर्देश भी जारी हुए, इसके बाद भी निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा। विडंबना ये है, कालोनी के रहवासी नगर निगम को प्रापर्टी टैक्स के साथ जल कर का भुगतान हर साल कर रहे हैं, पर नगर निगम की ओर से उन्हें डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, नाली व सड़क की सफाई सहित अन्य मूलभूत सुविधा अब तक नहीं मिल पाई। उल्टे कौशिल्या विहार सेक्टर 4 के रहवासी एरिया में निगम ने कचरा प्राइमरी डंप करवाना शुरू कर दिया है। इससे रहवासी बेहद त्रस्त हैं। दरअसल, रायपुर विकास प्राधिकरण के 1200 करोड़ के आधा दर्जन प्रोजेक्ट को नगर निगम ने हैंडओवर नहीं लिया है। दोनों महकमे के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने सर्वे कर अपनी जांच रिपोर्ट पहले ही सौंप दी है। जोन 10 कमिश्नरी ने इसके बाद 125 करोड़ का डिमांड नोट भेजा है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है, हम पैसा नहीं दे सकते, बल्कि खामियां पूरी कर देंगे। इसी तरह इंद्रप्रस्थ रायपुरा का सर्वे करने के बाद जोन 8 ने करीब 1 करोड़ से ज्यादा का डिमांड भेजा। प्राधिकरण ने यह राशि जमा नहीं कराई। ऐसे में कालोनी का हैंडओवर लंबित है। इसी तरह हीरापुर, सरोना, बोरियाखुर्द की कालोनी शामिल है।




**कौशिल्या विहार के रहवासी परेशान, स्ट्रीट लाइट बंद, कूड़ा-करकट, सुरक्षा की समस्या**

1600 एकड़ में फैले रायपुर विकास प्राधिकरण के कौशिल्या विहार सेक्टर 4 में खुली जमीन पर नगर निगम ने कचरा डंप करना शुरू कर दिया है। बदबू और गंदगी से बेहाल लोगों ने दो दिन पहले नगर निगम की गाड़ियां रोक कर विरोध जताया। मुख्यमंत्री से भी जनदर्शन में इसकी शिकायत हुई है। नगर निगम कौशिल्या विहार वालों से प्रापर्टी टैक्स तो वसूल रहा है, पर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सड़क सफाई नहीं करा रहा। गंदगी और स्ट्रीट लाइट की समस्या भी यहां बनी हुई है। कौशिल्या विहार रेसीडेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष आशीष भट्टाचार्य का कहना है, नगर निगम और आरडीए के बीच कौशिल्या विहार के रहवासी पिसकर रह गये। हमने कई बार प्राधिकरण के अधिकारियों को ज्ञापन देकर समस्या दूर करने मांग की। नगर निगम भी गये, पर वहां से प्रापर रिस्पांस नही मिल रहा।

### हाउसिंग बोर्ड की कालोनी भी हैंडओवर नहीं

भावना नगर, कचना फेस 1 मल्टी कांप्लेक्स, खम्हारडीह सेजबहार की हाउसिंग बोर्ड कालोनी, देवपुरी स्थित हिमालयन हाईट्स के 1000 फ्लैट को निगम में हैंडओवर लेने का प्रस्ताव लंबित है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अधिकारी संदीप साहू के मुताबिक इन इलाकों में नगर निगम संबंधित कालोनी के रहवासियों से प्रापर्टी टैक्स ले रहा है, पर पानी, नाली और सड़क सफाई, स्ट्रीट लाइट की देखरेख नहीं कर रहा। हमने पहले ही प्रस्ताव बनाकर भेज रखा है। सोसाइटी बनाकर कालोनी मेंटेन करना है, पर कालोनी वासी एकमत नहीं हो पा रहे। रहवासी त्रस्त हैं, एक ओर निगम प्रापर्टी टैक्स ले रहा, दूसरी ओर हाउसिंग बोर्ड मेंटनेंस शुल्क मांग रहा है। इसमें से बोरियाकला, सेजबहार कालोनी निगम क्षेत्र में नहीं है, इसलिए निगम ध्यान नहीं दे रहा।

### सीवरेज नाली, स्ट्रीट लाइट की समस्या

*कौशिल्या विहार सेक्टर 6 में पिछले 6 साल से रहने वाले विनोद मोटवानी ने कहा है, सीवरेज, नाली, स्ट्रीट लाइट और सफाई की समस्या को लेकर हम मुख्यमंत्री, निगम कमिश्नर, जोन कमिश्नर, आरडीए के अधिकारियों के पास गये, पर समस्या दूर नहीं हुई। दस साल से सीएसईबी के मेंटनेंस का पैसा नहीं पटाया गया है। जरा सी बारिश होने पर पैनल में पानी घुसने से बिजली बंद हो जाती है। रहवासियों ने हल्ला मचाया, तब कहीं जाकर आरडीए ने सीएसईबी को 2 करोड़ दिए, पर बिजली की समस्या अब भी है। मुख्य मार्ग के सीवरेज में ढक्कन नहीं है। लालपुर का गंदा पानी सेक्टर 5 में घुस रहा है। हालात ये हैं, इनके प्लॉट हैं वे मकान नहीं बना सकते। कौशिल्या विहार को निगम में हैंडओवर करने आग्रह लेकर कमिश्नर के पास गये तो कहना है, आरडीए पहले 100 करोड़ दे।*

## नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड का डीलर प्रशिक्षण संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम ) क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा एक दिवसीय डीलर प्रशिक्षण कार्यक्रम रायपुर स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। डीलर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान रायपुर क्षेत्र प्रभारी एसके भगत ने लक्ष्य एवं उपलब्धि पर विस्तार से जानकारी दी तथा डीलरों का कृषि व्यवसाय विकास उत्पादों की बिक्री वृद्धि पर ध्यान केंद्रित किया। कृषि व्यवसाय विकास प्रभारी, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल एमएम राठी ने डीलरों से कृषि व्यवसाय विकास उत्पादों की बिक्री पर जोर दिया, साथ ही बिक्री के संबंध में डीलरों के प्रश्नों एवं समस्याओं का समाधान किया। राज्य प्रबंधक, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा ओमपाल गुप्ता ने डीलरों को वर्तमान बाजार की स्थिति एवं राज्य में उर्वरक बिक्री की चुनौतियों के बारे में संबोधित किया। निदेशक कृषि विस्तार सेवाएं, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. एसएस टुटेजा ने कृषि इनपुट डीलरों को रासायनिक उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग के साथ-साथ जैविक उर्वरकों को बढ़ावा देने के बारे में संबोधित किया, ताकि जैविक और रासायनिक उर्वरकों के अंतिम उपयोगकर्ता तक जानकारी साझा किया जा सके।

आंचलिक प्रबंधक भोपाल आरएस चौहान ने डीलरों को संबोधित किया और कंपनी से संबंधित बहुमूल्य जानकारी साझा की तथा कृषि व्यवसाय विकास उत्पादों के साथ उर्वरकों की बिक्री बढ़ाने के लिए डीलरों को प्रोत्साहित किया।

इस दौरान डीलरों की ओर से पूछे गए प्रश्नों एवं उनके उत्तर का जवाब दिया गया। सिएस्टो ग्रीन की ओर से अविनाश ने एनकैप्सुलेटेड बायो फर्टिलाइजर्स के बारे में प्रस्तुति दी।

## किरण देव बोले- कश्मीर को पाक, अक्साई चिन को चीन का हिस्सा बताना कांग्रेस का राष्ट्र विरोधी कृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर






भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने कर्नाटक में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन में भारत के मानचित्र में कश्मीर को पाकिस्तान और अक्साई चिन को चीन का हिस्सा बताए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे कांग्रेस का राष्ट्र विरोधी कृत्य बताया है।

श्री देव ने कहा, संविधान, लोकतंत्र और भारत के मानचित्र का बार-बार मखौल उड़ाना कांग्रेस की भारत विरोधी मानसिकता का प्रमाण है और यही कांग्रेस का स्थायी राजनीतिक चरित्र बन चुका है। श्री देव ने कहा, संविधान का सरेआम मखौल उड़ाने और लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कांग्रेस अब भारत के मानचित्र को विकृत रूप में अपने मंच पर लगाकर भारत की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को भी सीधे-सीधे चुनौती देने लग गई है। कांग्रेस की यह करतूत अक्षम्य है और कांग्रेस के खिलाफ अब संवैधानिक प्रावधानों के तहत भारत के मानचित्र से इस तरह की छेड़छाड़ को लेकर कड़े कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं। श्री देव ने कहा, कांग्रेस का यह अक्षम्य अपराध पहली बार या फिर भूल से हुआ हो, ऐसा नहीं माना जा सकता। यह कांग्रेस की एक सोची-समझी करतूत है और वह विदेशी ताकतों के हाथों खेलकर अपने टूलकिट एजेंडे पर अमल कर रही है।

### युवक और उसकी भतीजी से मारपीट

**महासमुंद।** युवक और उसकी भतीजी से मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ बसना पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को ग्राम पिलवापाली के परीक्षित खुंटे ने बताया कि 25 दिसंबर को अनंत कोसरिया के किराना दुकान के पास पहुंचा था कि मेरे सायकिल का पहिया रेत में धंसने से रूक गया था, उसी समय गांव के रूपेश कोसरिया एवं वीरेंद्र मिरी दुकान के पास खड़े थे। इसी दौरान मेरे पीछे से दिलीप खुंटे आया और तुम्हारा यहां क्या काम है कहकर गाली गलौज करते हुए मारने लगा। कुछ देर बाद दिलीप, वीरनारायण खुंटे व भूरी बाई तीनों ने प्रार्थी के घर के सामने आकर उसकी भतीजी दिलेश्वरी खुंटे के साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर बाल को खींचा।

## भाजपा अनुशासित पार्टी, सर्वानुमति से हुए मंडल अध्यक्षों के चुनाव

# अरुण साव ने कहा- नगरीय निकायों और पंचायतों में आरक्षण प्रकिया अंतिम चरण पर, चुनाव कार्यक्रम जल्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मंत्रिमंडल विस्तार मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव का एक चरण बचा है, जल्द ही महापौर और अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण होगा। निकायों में पार्षदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया हो चुकी है। पंचायत चुनाव के आरक्षण के लिए कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। फिलहाल चुनाव की प्रकिया चल रही है। राज्य निर्वाचन आयोग ने भी अपनी प्रकिया प्रारंभ कर दी है। सरकार चाहती है कि जल्द से जल्द नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की प्रकिया हो, इसके लिए सरकार गंभीरता से काम कर रही है। जल्द ही चुनाव कार्यक्रम घोषित होंगे, ऐसी उम्मीद है।

मंत्रिमंडल के विस्तार के सवाल पर उन्होंने कहा, इस निर्णय का विशेषाधिकार मुख्यमंत्री के पास है। केंद्रीय नेतृत्व से बात कर मुख्यमंत्री इस पर निर्णय लेंगे। समय पर इस बारे में आपको बता दिया जाएगा। संगठन चुनाव पर उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित पार्टी है। पार्टी के सभी मंडल में चुनाव की प्रकिया प्रारंभ हुई है। इस दौरान एक दो स्थानों पर छोटी छोटी बातें सामने आई हैं। संगठन ने उसे गंभीरता से लिया है। अधिकतर स्थानों पर सर्वानुमति से मंडल अध्यक्षों के चुनाव हुए हैं।

### यादों को चिरस्थाई रखने अटल परिसर

उन्होंने कहा, कल हमने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता और हमारे प्रेरणास्रोत अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई है। उन्होंने कहा, अटल के कारण आज प्रदेश तरक्की के पथ पर अग्रसर है, तेज गति से विकास कर रहा है। छत्तीसगढ़ ने आज जो तरक्की की है, वह अटल के कारण संभव हो पाया है। उनकी यादों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए, उनके सम्मान में प्रदेश में अटल परिसर के निर्माण करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, कल 163 स्थानों पर अटल परिसर के लिए भूमिपूजन किया है।



## खबर संक्षेप

### सुहेला में रामकथा और शिवलिंग का पूजन जारी

**सुहेला।** ग्राम सुहेला के तिगड्डा बाजार चौक में 23 से 29 दिसंबर तक 7 दिवसीय रामकथा का आयोजन और 11 लाख पार्थिव शिवलिंग का पूजन धूमधाम से किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ, जिसमें ग्रामवासियों और भक्तों ने भाग लिया। इस धार्मिक महापर्व का आयोजन शिव शक्ति सेवा मंडल सुहेला द्वारा किया जा रहा है। राम कथा के प्रसिद्ध कथाकार पं. ललित शर्मा हैं, जो श्रद्धालुओं को श्रीराम के जीवन, आदर्शों और उनके संघर्षों के बारे में बताते हुए कथा का रसपान करा रहे हैं।

### सरधा पटेल को बनाया गया न्याय पदयात्रा का जिला प्रभारी



**गिधौरी।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के संगठन प्रभारी अखिलेश शुक्ला ने उत्तर प्रदेश में चलाए जा रहे न्याय पदयात्रा में बिलाईगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सरधा पटेल को बाराबंकी जिला के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। पटेल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे, राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष लोकसभा, सुखपाल सिंह खैहरा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान कांग्रेस एवं अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला का आभार जताया है। किसान कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष सरधा पटेल ने बताया कि अखिल भारतीय किसान कांग्रेस अपने उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के साथ मिलकर किसान मजदूर सम्मान न्याय पदयात्र निकल रही है जिसमें बाराबंकी जिला में उन्हें प्रभारी बनाकर बड़े जिम्मेदारी दी है उन्होंने कहा कि इस जिम्मेदारी को तन मन और धन से निभायेंगे । हम सब कांग्रेस के साथीगण किसान और मजदूरों के सम्मान के लिए हमेशा लड़ाई लड़ते रहेंगे ।

### युवती के आत्महत्या मामले की जांच हुई

**महासमुंद।** लोकलाज के चलते युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में तेंदूकोना पुलिस ने जांच के बाद आरोपी प्रेमी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूबर भुनेश्वरी दीवान पिता भोलाराम दीवान (21 साल) निवासी धामनतोरी थाना तेंदूकोना के मौत के मामले की जांच की गई। जांच के दौरान मृतका के पिता भोलाराम दीवान, मां फिरंतीन बाई, चाचा पंचराम दीवान, चाचा पंचूराम दीवान, चाची अरूण बाई एवं गवाह लोकनाथ दीवान का कथन लिया गया। जांच में पाया गया कि मृतका के साथ आरोपी अर्जुन को संदिग्ध अवस्था में देख लेने पर घर वाले एवं गांव के लोग द्वारा उन्हें शादी करने के लिए कहने पर आपस में राजीनामा हो गए, लेकिन उसके बाद आरोपी अर्जुन दीवान ने मृतका से गाली गलौज कर तेरे साथ शादी नहीं करूंगा, तू मर जा कहकर प्रताड़ित किया गया, जिसके चलते युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में आरोपी अर्जुन दीवान के खिलाफ धारा 108 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# बैलेट पेपर से होगा चुनाव, बोर्ड परीक्षा से पहले होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में राज्य सरकार के घोषणा के बाद अब चुनावी हलचल बढ़ने वाली है। लोगों में चुनाव को लेकर चर्चा होने लगी है। नगर के सभी वार्डों के पार्षदों का आरक्षण हो चुका है एवं आने वाले दिनों में जिले के गांव सरपंच एवं पंच के लिए आरक्षण संबंधित कार्य भी पूर्ण हो जाएगी। छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय चुनाव बैलेट पेपर से करवाया जाएगा। इसकी घोषणा उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने की है। इसके लिए चुनाव आयोग की तरफ से जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी गई है। 27 दिसंबर को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने घोषणा की है कि इस बार का नगर निकाय चुनाव बैलेट पेपर से करवाया जाएगा उन्होंने कहा कि ईवीएम के तैयार होने में समय लग सकता है। इस बात की समीक्षा की गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए बैलेट पेपर से चुनाव कराने का निर्णय किया गया है। इस बाबत चुनाव आयोग अंतिम तैयारी में लगा हुआ है और जैसे ही इस पर निर्णय हो जाएगा। इस पर अंतिम जानकारी दी जाएगी। उप मुख्यमंत्री अरुण




साव ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर के नियमों में परिवर्तन हुआ है। आरक्षण की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में हम लोगों की यह कोशिश है कि जल्द से जल्द नगर निकाय चुनाव को पूरा करवा लिया जाए साथ ही सरकार की मंशा है कि राज्य में होने वाले बोर्ड एग्जाम से पहले नगर निकाय चुनाव को पूरा कर लिया जाए। ताकि, किसी तरह से कोई परीक्षा प्रभावित न हो।

### बैलेट पेपर से निकाय चुनाव कराने की वजह

बैलेट पेपर से निकाय चुनाव कराए जाने के निर्णय को लेकर यह बात सामने आई है कि फिलहाल ईवीएम मशीनें तैयार नही हो पाई है। वहीं स्थानीय प्रशासन द्वारा मत पेटी और मत पत्रों की प्रिंटिंग के संबंध में पहले ही निविदाए आंमत्रित की जा चुकी हैं। निकाय चुनाव में मत पत्र से मतदान कराए जाने की तैयारी पहले से ही की जा रही थी। हालांकि स्पष्ट नही था कि मतपत्र से चुनाव केवल त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के होंगे या नगरीय निकाय के भी। लेकिन, उप

### आरक्षण के लिए नए समय सारिणी जारी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर पंच पद के लिए अभी आरक्षण तय नहीं हुआ है। इस कवायद के लिए अब नई समय सारिणी जारी की गई है। अब यह प्रक्रिया 3 जनवरी से शुरू होकर 11 जनवरी को संपन्न होगी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्रवाई 3 जनवरी से शुरू होगी। 8 जनवरी को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा 10 जनवरी को आरक्षण की जानकारी दी जाएगी। इसी तरह जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की सूचना 3 जनवरी को प्रकाशित होगी, और 11 जनवरी को आरक्षण की कार्रवाई संपन्न करते हुए जानकारी दी जाएगी। पहले यह प्रक्रिया 23 दिसंबर से शुरू होकर 30 दिसंबर को संपन्न होनी थी।

### कार्रवाई के अभाव में बाजार और उपभोक्ताओं के हाथों में दिखाई दे रही

# प्रतिबंध के बावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक बैक का उपयोग जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

धरती और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक बैग का प्रचलन इस हद तक बढ़ गया है कि सरकार द्वारा ऐसे प्लास्टिक के निर्माण, भण्डारण और बिक्री से लेकर उपयोग करने तक पर प्रतिबंध लगा देने के बावजूद बाजार में इसका धडल्ले से उपयोग आज भी जारी है। ग्राहक सामान खरीदने बाजार जाते वक्त अक्सर थैला लेकर नहीं जाते हैं। वहीं खाद्य सामग्रियों की बिक्री भी प्रतिबंध के बावजूद प्रतिबंधित प्लास्टिक के छोटे पाऊच में निर्माताओं द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार द्वारा प्लास्टिक पर लगाये गये बेन की परवाह दुकानदार एवं ग्राहक को नहीं है। वहीं सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक वाले आदेश का शक्ति से पालन कराने के लिए जिलाधिकारी एवं नगरपालिका, नगरपंचायतों के अधिकारियों को दिये गये निर्देश का भी उन पर असर नहीं दिख रहा है।

इसी तरह, यह जल प्रदूषण का भी कारण बनता है। लोग लापरवाही से सड़कों, नालों और नदियों में बैग फेंक देते हैं, जिससे वे जल निकायों में चले जाते हैं। हवाएं उन्हें अपने साथ बहा ले जाती हैं और कभी–कभी जानबूझकर पानी में डाल दी जाती हैं। यह प्लास्टिक बैग पानी में गहराई तक चले जाते हैं और जलीय जीवन को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

### सिंगल यूज प्लास्टिक वाले बैग का उपयोग बंद करें

प्लास्टिक बैग को नकारने के कई कारण हैं। हमें अपने पर्यावरण को बेहतर बनाने और इसे क्षरण से बचाने के लिए इनका उपयोग बंद कर देना चाहिए। प्लास्टिक बैग के उपयोग को रोकने के लिए कई पर्यावरण–अनुकूल विकल्प हैं जिनका उपयोग किया जा सकता है। सबसे पहले, प्लास्टिक बैग प्लास्टिक प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत हैं। चूंकि वे गैर–बायोडिग्रेडेबल हैं, इसलिए उन्हें विघटित होने में कई साल लगते हैं। वे बहुत सारे कचरे का योगदान करते हैं जो वर्षों तक इकट्ठा होता रहता है।



### पशुओं के जीवन पर खतरा

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्लास्टिक जानवरों की मौत का कारण बनता है। जानवरों को यह नहीं पता होता कि उन्हें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। आवारा जानवर प्लास्टिक की थैलियां निगल लेते हैं जो उनके शरीर में फंस जाती हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो इससे उनके शरीर में गंभीर बीमारियां पैदा होती हैं। कई बार प्लास्टिक की थैलियां खाने के बाद वे दम घुटने से मर जाते हैं।

# घासीदास जयंती पर हुई पंथी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

नगर पंचायत टुण्डरा में आदर्श नव युवा सतनाम समिति टिकरापारा द्वारा इस वर्ष भी आयोजित तीन दिवसीय गुरुघासीदास जयंती 24 से 26 दिसम्बर तक पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में विजेता को 15000 एवं प्रशस्ति पत्र ज्ञान गंगा पंथी पार्टी करही जिला सक्ती को दिया गया। दूसरा इनाम 10,000 एवं प्रशस्तिपत्र मया के दुलार पंथी पार्टी बसना जिला महासमुंद एवं तृतीय ईनाम 5000 एवं प्रशस्ति पत्र सत के उजागर पंथी पार्टी बिलारी(कोंहका) जिला जांजगीर चाम्पा ने प्राप्त किया। शेष सभी दलों को सान्तवना राशि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौके पर भीषम प्रसाद बंजारे गुरू गोसाई, विनोद भारती प्रदेश संयोजक,राजमहंत सी आर टंडन, राजमहंत पी एल कोसरिया केनाल डिप्टी कलेक्टर महासमुंद, छतराम साहू मंडल अध्यक्ष, महंत मोहरसाय अजय, नकुल प्रसाद बांधे अध्यक्ष प्रगतिशील छ ग सतनामी समाज कसडोल, रामदास जांगडे प्रदेश प्रतिनिधि, श्याम जी टांडे प्रदेश कोषाध्यक्ष, डॉ. पीएल टंडन, कृषण कुमार मिरी पटवारी, नगर अध्यक्ष मोती साहू, सतीश साहू पूर्व विधायक प्रतिनिधि, रोशनराय उप सरपंच, संजय जांगडे कृषि अधिकारी, दामोदर साहू आयोजन समिति से अध्यक्ष राजमहंत पुलस्त्य घृतलहरे, उपाध्यक्ष रविशंकर बंजारे पार्षद, रैतु राम भारद्वाज, रामकुमार रात्रे, हेमलाल बारले, राधे भारद्वाज, युधिष्ठिर बंजारे, लच्छी बंजारे, घनश्याम बारले, गोविंद बंजारे, कन्हैया बारले, पवन बारले, धनेश्वर कोसले, चौतू राम रात्रे, रामकुमार बारले, झाड़ू राम बारले, छतराम भारद्वाज, मनोज बंजारे, बीजू जांगड़े, गुलशन बारले, गोरेलाल खूंटे, मनहरण बघेल, रमेश भारद्वाज, केवल बंजारे, जोईधा भास्कर, युधिष्ठिर (बल्लू) बंजारे, कौशल बंजारे, काशीराम मनहर, रामदयाल रात्रे, गजेंद्र खुंटे, अशोक बघेल, सेवेन्द्र खुंटे, शिवगोपाल बारले भुवन रात्रे, भानु प्रताप घृतलहरे चंद्रेश बंजारे, अजय राघव आदि सहित युवा ग्रुप भारी संख्या में शामिल रहे। शुभारंभ के दिन नगर भ्रमण के लिए शोभायात्र भी निकाली गई ।

- ज्ञान गंगा पंथी पार्टी करही ने जीता प्रथम पुरस्कार 15 हजार और प्रशस्ति पत्र

# जारा में एनएसएस शिविर का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहांसी द्वारा सात दिवसीय शिविर 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक ग्राम पंचायत जारा में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत जारा, अध्यक्षता तारेश परगनिहा अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति जारा एवं सुधेराम वर्मा अध्यक्ष प्राथमिक कृषि साख समिति एवं सदस्य शाला प्रबंधन विकास समिति, अजय धुरंधर ग्राम प्रमुख, संत राम वर्मा, डॉ. भुनेश्वर वर्मा, अशोक कुमार धुरंधर, हरीश कुमार धुरंधर, अनुज राम बघेल, रोहणी साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अंजू साहू, भुनेश्वरी आनंद के विशिष्ट आतिथ्य में प्रारम्भ हुआ। तारेश परगनिहा द्वारा एनएसएस शिविर का महत्व, जीवन में शिविर का महत्व व विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया व सभी स्वयंसेवकों को अपने लक्ष्य पर आगे बढ़ने व समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया। राजेंद्र वर्मा सरपंच द्वारा सभी स्वयंसेवकों का ग्राम की ओर से आत्मीय स्वागत किया। साथ ही जीवन में हमेशा अनुभव का लाभ लेने व माता – पिता का सम्मान व समय का सदुपयोग पर प्रकाश डाला गया। शिविर में 63 स्वयंसेवक उपस्थित है। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार साहू ने शिविर के परिचय, उद्देश्य एवं शिविर दिनचर्या पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन नीलमणी चौधरी व्याख्याता द्वारा किया गया।

# पलारी में बनेगा विप्र भवन, नपं अध्यक्ष ने जमीन की स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शुक्रवार को अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति पलारी विकासखंड के ब्राम्हण समाज बहुसंख्या ने नगर अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा से परशुराम विप्र भवन के लिए भूमि की मांग की गई, जिसमें नपं अध्यक्ष द्वारा आग्रह को सहर्ष स्वीकार करते हुए 25 डिसमिल भूमि प्रदान की गई, जिस पर समस्त ब्राह्मण समाज द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेंद्र पटेल, पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार, नगर पुरोहित आचार्य राहुल महाराज, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष यशप्रभा पाण्डेय, नारीशक्ति प्रकोष्ठ अध्यक्ष फाल्गुनी मिश्रा, सुमीत तिवारी, पदमाकर, अनिरुद्ध, उमाशंकर शिवम मिश्रा, शिवकुमार, सत्यनारायण, लक्की विनय शर्मा, सिद्धार्थ सुशीला, देवी, प्रीति पाण्डेय, कीर्ति मिश्रा, सुनीता तिवारी, स्वाति, रानू त्रिपाठी, मेघा चौबे संतोष, दीपक , राजेश, दिनेश बाजपेयी, दिनेश द्विवेदी, वीरनारायण उपाध्याय, मनीष अजय दुबे, ऋषभ चौबे आदि उपस्थित थे।




# गुरुघासीदास जयंती पर पंथी प्रतियोगिता आज

**बगबुडा।** ग्राम पंचायत खैदा लवन में बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर पंथी नृत्य प्रतियोगिता शनिवार को शाम 4 बजे से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संदिप साहू कसडोल विधायक, अध्यक्षता परमेश्वर यदु जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार, देवीलाल बारवे महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बलोदा बाजार, गुरुदयाल यादव ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, प्रताप डहरिया अनुसूचित जाति, जिला कांग्रेस कमेटी सतीश पांडेय, सचिव जिला कांग्रेस कमेटी मृत्युंजय पांडेय पार्षद नगर पंचायत लवन, अश्विनी कुमार कठोत्रे, ताराचंद कठोत्रे शामिल होंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15001 रुपया अग्नि कोंशले पूर्व पंच द्वारा सम्मानित द्वितीय पुरस्कार 10001 समस्त सतनामी द्वारा तृतीय पुरस्कार 7501 वीरेंद्र बहादुर कुर्रे सरपंच द्वारा चतुर्थ पुरस्कार 5001 बंशलाल भारती पुरुषोत्तम कोसले पंचम पुरस्कार 4001 रामगोपाल कोसले पंच द्वारा षस्टम पुरस्कार 3001 समस्त शिक्षक द्वारा समस्त पुरस्कार 2001 अनिल कोसले द्वारा अष्टम पुरस्कार द्वारा 1001 बालक दास मधुकर द्वारा तथा प्रत्येक पंथी पार्टी को लोकेश कोशले द्वारा 101 सम्मानित किया जाएगा।

# मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मैडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वावधान में सब जूनियर, कैडेट जूडो स्टेट सिलेक्शन ट्रायल भिलाई में आयोजित हुआ। इसमें मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के 5 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए अच्छा प्रदर्शन किया और गोल्ड मैडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया। विजेता खिलाड़ी आगामी होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता पूणे में शामिल होंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे । 44 भार में कोमल दास, +66 भार में पी.अभिषेक, -40 भार में ज्योति ध्रुव, -44 भार में दामिन निषाद, -70 भार में अं ज लि ठाकुर, सभी खिलाड़ियों को बधाई दी गई । मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के संरक्षक प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिला जूडो संघ के संरक्षक अश्वनी शर्मा, बलौदाबाजार जिला हपकीड़ो संघ के संरक्षक कैलाश बलानी, जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. विकास अडील, आरके फूटान, परमानन्द सचदेव, मुरली धर राव, जिला जूडो संघ के उपाध्यक्ष पीताम्बर साहू, जिला जूडो संघ के सचिव पी. किरन, जिला जूडो संघ के सहसचिव अभय केशरवानी, जिला जूडो संघ के सदस्य राहुल शर्मा, जिला जूडो संघ के कोच यशवंत ध्रुव, भारतीय जूडो संघ की ब्लैक बेल्ट नेहा वर्मा, नेहा साहू सीनियर खिलाड़ी अन्नपूर्णा देवांगन, बलराम यादव, संदीप रात्रे, लॉरेंश मशीह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

- 5 खिलाड़ियों ने गोल्ड मैडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया

# दामाखेड़ा में क्रिकेट प्रतियोगिता, मुंगेली और किरवई के बीच खेला गया पहला मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में पंथ हुजुर गृंध मुनि नाम साहब क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ नवोदित वंशाचार्य उदित मुनी साहेब ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम खिलाड़ियों के परिचय पश्चात प्रथम मैच मुंगेली एवं किरवई के बीच खेला गया। उदित मुनी ने बताया कि कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में वर्षों से यहां क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सुपर फाइटर क्लब के तत्वावधान में मनोज चौबे और उसकी टीम तथा उसके पहले के सीनियर टीम लगातार सेवा में तत्पर है। दामाखेड़ा में यह एक सफल आयोजन रहा है और आगे भी मैं यही चाहूंगा कि इस खेल परिषद की अच्छी व्यवस्था हो अच्छी सुरक्षा हो, जिससे खिलाड़ियों को हमेशा खेलने का मौका मिले। उदित मुनि ने बताया कि लगातार हम ग्राउंड को संवारने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन यहां असामाजिक तत्वों द्वारा हमेशा कुछ ना कुछ तोड़फोड़ किया जाता है। यह सोच का विषय है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान नेता अनिल पांडे, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी हेम सिंह चौहान, किसान मोर्चा के महामंत्री मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, कमलेश साहू, आरिफ हुसैन, प्रहलाद मिश्रा, मनोज टोंडे आदि उपस्थित थे।



